राजस्थान सरकार

( कायदा – 129 )

जनरल रूल्स सिविल रूल्स 129 अपेन्डेंक्स फार्म नंबर 8 के

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, बिजौलिया जिला – भीलवाड़ा (राज.)

2024/73

| किस्म मुकदमा<br>1 | नंबर मुकदमा<br>2 | तारीख दायर<br>3 | तारीख फैसला<br>4 | पेशी दिनांक<br>5 |
|---|---|---|---|---|
| 111-128<br><br>प्रार्थना-पत्र | 26/2024 | 15/2/2024 | अंतिम<br>29/4/24 | 18/3/2024 |

अनवान

श्री देबीलाल s/o प्यारा भील | श्री भंवरलाल s/o गोटू भील

निवासी खेराडिया तह. बिजौलियाँ वर्ग ③ | निवासी छतरी खेड़ा तह. बिजौलियाँ

अधिवक्ता वादी / प्रार्थी /अपीलान्ट | अधिवक्ता प्रतिवादी / विपक्षी/ रेस्पोडेंट

डिक्रीदार | मदयून

श्री रामफूल धाकड़ | श्री ..............................

# FORM NO. III

## फर्द अहकम

(नियम 26)

अज अदालत उपखण्ड अधिकारी मुकाम बिजौलियां

: देवीलाल बनाम भंवरलाल

किस्म मुकदमा – 111-128 नम्बर 26/2024

| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| 15/2/2024 | प्रार्थना पत्र सीगे से बाद जांच पेश हुआ। प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थी को नोटिस मय नकल प्रार्थना पत्र जारी हों। पत्रावली वास्ते तलबी/जवाब दिनांक 18/03/2024 को पेश हों। उपखण्ड अधिकारी बिजौलियां | |
| 18/3/24 | पत्रावली पेश हुई। अभिभाषक वादी/प्रतिवादी उपस्थित श्रीमान P.O. सा. दौरे पर हैं। पत्रावली दिनांक 2/4/24 को वास्ते तलबी पेश हो। उप खण्ड अधिकारी | |
| 2/4/24 | पत्रावली पेश हुई। अभिभाषक वादी/प्रतिवादी उपस्थित श्रीमान P.O. सा. दौरे पर हैं। पत्रावली दिनांक 23/4/24 को वास्ते उचित पेश हो। उप खण्ड अधिकारी | |
| 23/4/24 | पत्रावली पेश हुई। अधिवक्ता प्रार्थी उपस्थित। विपक्षीगण बाद सूचना अनुपस्थित। विपक्षीगण की बाद तामील प्राप्त हुई, जिसे शामिल पत्रावली किया गया। पत्रावली में एक पक्षीय आदेश पारित किए गए। पत्रावली वास्ते निर्णय आगामी दिनांक 29/04/24 को पेश हो। उप खण्ड अधिकारी बिजौलियाँ जिला-भीलवाड़ा | |
| 29/4/24 | पत्रावली पेश हुई। अधिवक्ता प्रार्थी उपस्थित। पत्रावली में आदेश पारित किए गए। पत्रावली फैसल शुमार होकर, नम्बर से कम होकर दाखिल दफ्तर हो। उप खण्ड अधिकारी बिजौलियाँ जिला-भीलवाड़ा | |

# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी बिजौलियाँ जिला भीलवाड़ा (राज0)

प्रकरण संख्या :– 26/24 तारीख 15/2/24

01. देबीलाल पुत्र प्यारा जाति भील उम्र वयस्क पेशा कृषि निवासी खेराडिया तहसील बिजौलियां जिला भीलवाड़ा (राज0)
02. दुर्गालाल पुत्र प्यारा जाति भील उम्र वयस्क पेशा कृषि निवासी खेराडिया तहसील बिजौलियां जिला भीलवाड़ा (राज0)
03. सुरेश पुत्र प्यारा जाति भील उम्र वयस्क पेशा कृषि निवासी खेराडिया तहसील बिजौलियां जिला भीलवाड़ा (राज0)

............प्रार्थीगण

**बनाम**

01. भूरा पुत्र काना जाति भील उम्र वयस्क पेशा कृषि निवासी छत्रीखेडा तहसील बिजौलियां जिला भीलवाडा (राज.)
02. मांगीलाल पुत्र नन्दा जाति भील उम्र वयस्क पेशा कृषि निवासी खेराडिया तहसील बिजौलियां जिला भीलवाड़ा (राज0)

.............विपक्षीगण

## प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111 – 128 रा0ले0रे0एक्ट

**–: आदेश :–** दिनांक: 29/4/24

प्रार्थना पत्र **देबीलाल, दुर्गालाल, सुरेश पुत्र प्यारा जाति भील निवासी खेराडिया तहसील बिजौलियां जिला भीलवाड़ा (राज0)** ने जरिये अभिभाषक **श्री रामफूल धाकड** द्वारा प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि हमारे एकल/संयुक्त खाते भूमि **ग्राम खेराडिया पटवार हल्का लक्ष्मीखेडा तहसील बिजौलियाँ की सरहद में स्थित खाता संख्या 126 पर अंकित आराजी संख्या 2 रकबा 0.7689 हैक्टेयर** पर विपक्षीगण आये दिन सीमा विवाद को लेकर झगडा करते है। अतः पत्थरगढ़ी का आदेश प्रदान कराया जावें साथ में प्रार्थना पत्र की ताईद में शपथपत्र संलग्न है।

प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर करवाया गया। प्रस्तुत पत्रावली पर विद्वान अधिवक्ता की बहस सुनी गई और पत्रावली का अवलोकन किया गया।

पत्रावली में संलग्न जमाबन्दी सम्वत 2075–2078 के अवलोकन से प्रार्थीगण वादग्रस्त आराजीयात का खातेदार काश्तकार है। पड़ौसियान के विवाद करने बाबत् शपथपत्र संलग्न है। पत्थरगढ़ी से किसी के स्वत्व पर कोई विपरीत प्रभाव नहीं पड़ता है। भू–अभिलेख निरीक्षक **बिजौलियां कलां** को पत्थरगढ़ी बाबत् कमिश्नर नियुक्त किया जाता हैं। कमीश्नर फिस वक्त मौका प्रार्थीगण अदा करें।

अतः प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111–128 राजस्थान लेण्ड रेवेन्यु एक्ट स्वीकार किया जाकर **ग्राम खेराडिया पटवार हल्का लक्ष्मीखेडा तहसील बिजौलियाँ की सरहद में स्थित खाता संख्या 126 पर अंकित आराजी संख्या 2 रकबा 0.7689 हैक्टेयर** बशामलात पड़ौसियान के पत्थरगढ़ी करने हेतु आदेशित किया जाता है एवं पत्थरगढ़ी शुल्क राशि 100/– रूपये राजकोष में जमा होने पर पालनार्थ तहसीलदार बिजौलियाँ को लिखा जावें।

प्रार्थना पत्र निर्णित होकर नम्बर से कम हो।

आदेश सुनाया गया

कार्यालय उप खण्ड अधिकारी बिजौलिया (भीलवाड़ा)

उप खण्ड अधिकारी
उपखण्ड अधिकारी
बिजौलियाँ जिला भीलवाड़ा

# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी बिजौलियाँ जिला भीलवाड़ा (राज0)

प्रकरण संख्या – 26/24 तारीख 29/4/24

प्रेषिति :–

तहसीलदार
बिजौलियाँ

विषय :–प्रकरण संख्या ....26.............../ 2024 पत्थरगढ़ी बाबत्।

01. देबीलाल पुत्र प्यारा जाति भील उम्र वयस्क पेशा कृषि निवासी खेराडिया तहसील बिजौलियां जिला भीलवाड़ा (राज0)
02. दुर्गालाल पुत्र प्यारा जाति भील उम्र वयस्क पेशा कृषि निवासी खेराडिया तहसील बिजौलियां जिला भीलवाड़ा (राज0)
03. सुरेश पुत्र प्यारा जाति भील उम्र वयस्क पेशा कृषि निवासी खेराडिया तहसील बिजौलियां जिला भीलवाड़ा (राज0)

............प्रार्थीगण

**बनाम**

01. भूरा पुत्र काना जाति भील उम्र वयस्क पेशा कृषि निवासी छत्रीखेडा तहसील बिजौलियां जिला भीलवाडा (राज.)
02. मांगीलाल पुत्र नन्दा जाति भील उम्र वयस्क पेशा कृषि निवासी खेराडिया तहसील बिजौलियां जिला भीलवाड़ा (राज0)

............विपक्षीगण

उपर्युक्त विषयान्तर्गत अनवानी प्रकरण मैं आदेश होकर लेख है कि **ग्राम खेराडिया पटवार हल्का लक्ष्मीखेडा तहसील बिजौलियाँ की सरहद में स्थित खाता संख्या 126 पर अंकित आराजी संख्या 2 रकबा 0.7689 हैक्टेयर** की बशामलात पडौसीयान के पत्थरगढ़ी की जावें। मौके पर पत्थरगढ़ी के दौरान कब्जा किसी अन्य का पाया जावे तो जरिये पत्थरगढ़ी कब्जा नही हटाया जावे तथा समक्ष न्यायालय में वाद प्रस्तुत करने हेतु सूचित करें। आदेश पत्थरगढी हेतु भू–अभिलेख निरीक्षकर **बिजौलियां कलां** को कमिश्नर नियुक्त किया जाता हैं। कमीश्नर फीस वक्त मौका प्रार्थीगण अदा करे। पत्थरगढी करने से पहले विपक्षीगणों एवं पडोसियान को सुचित करते हुए पत्थरगढी करें। पत्थरगढ़ी कर पालना रिपोर्ट 20 दिन में आवश्यक रूप से प्रस्तुत करे।

उपखण्ड अधिकारी
बिजौलियां

उप खण्ड अधिकारी
बिजौलियाँ जिला भीलवाडा